SMS : श्रीराम श्रीवास्तव बने मिस्टर फ्रेशर, मेधा को मिस फ्रेशर का खिताब

01 दिसम्बर 2023 20 hours ago 4 Views

लखनऊ : फ्रेशर पार्टी में सिंगिंग सनसनी आदित्य रिखाड़ी ने बांधा समा

स्कूल ऑफ़ मैनेजमेंट साइंसेस, एसएमएस द्वारा नये सत्र 2023-24 में प्रवेश लेने वाले छात्र-छात्राओं के स्वागत हेतु वार्षिककार्यक्रम ''गमन-2023' का आयोजन किया गया। सिंगिंग स्टार आदित्य रिखाड़ी ने लाइव कान्सर्ट में प्रस्तुति देते हुए संगीत का समां बांध दिया। कार्यक्रममें आदित्य ने अपने सुप्रसिद्ध गाना फासले, इश्क है, क्या करें, तिनका एवं समझो न गाकर छात्रों को मन्त्रमुग्ध एवं थिरकने पर मजबूर किया। कार्यक्रम में छात्रों सहित लगभग 5 हजार दर्शक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मिस्टर फ्रेशर का ट्राफी एवं क्राउन बीटेक कम्प्यूटर साइंस के श्रीराम श्रीवास्तव एवं मिस फ्रेशर का खिताब डिप्लोमा कम्प्यूटर साइंस की छात्रा मिस मेधा कोदिया गया। दोनों ही विजेताओं को इवेन्ट सहयोगी लूलू मॉल की तरफ से गिफ्ट हैम्पर भी दिया गया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ प्रातः 11:00 बजे संस्थान के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं सचिव शरद सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने सोलो एवं ग्रुप डांससिंगिग, रैम्पवॉक आदि रंगारंग कार्यक्रमों में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर शरद सिंह ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य नवागंतुक छात्रछात्राओं का परिचय एवं उनकीकार्यक्रम में अधिक से अधिक सहभागिता हो सके जिससे सभी छात्र आपसी सामंजस्य से शिक्षा एवं कैरियर में उच्च कीर्तिमान स्थापित करें। इस मौके पर संस्थान के निदेशक इंचार्ज प्रो0 (डॉ0) आशीष भटनागर, महानिदेशक (तकनीकी) प्रो0(डॉ0) भरतराज सिंह, निदेशक (प्रशासन) डॉ0 जगदीश सिंह, एसोसियेट डायरेक्टर डॉ0 धर्मेन्द्र सिंह, रजिस्ट्रार एस0एन0 शुक्ला, अधिष्ठाता-छात्र कल्याण, अधिष्ठाता इंजीनियरिंग, सभी शिक्षकगण, शिक्षणेत्तर एवं स्टाफ उपस्थित रहे। कार्यक्रम के वेलबीइंग पार्टनर इनरसोल से गौरव श्रीवास्तव भीउपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि उनकी संस्था मानसिक एवं मनोवैज्ञानिकस्वास्थ पर काम करते हैं, उन्होंने इस कार्यक्रम में अपनी महत्वपूर्ण कैम्पेन 'तीन सेकेण्ड रुको' की शुरुआत भी की।

---

https://prahrinews.com/archives/73035